तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 19 मई 2025

11 कलाकारों की वित्तीय सहायता बढ़ाने पर सिरजन ...

12 जल संरक्षण में सभी की भागीदारी जरूरी : कलेक्टर




## खबर संक्षेप

### देवभोग में विशेष आधार शिविर आज

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके के निर्देशानुसार देवभोग में 19 मई को विशेष आधार शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत आधार कार्ड बनाने से अभी तक छूटे हुए लोगों का शिविर में आधार कार्ड बनाया जाएगा। शिविर का आयोजन एनआरएलएम भवन जनपद पंचायत देवभोग में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। आधार शिविर में देवभोग क्षेत्र के जिन लोगों के आधार बनने में समस्या आ रही है वैसे लोगों का आधार कार्ड बनाया जाएगा। ऐसे लोग शिविर में आकर आधार कार्ड बनवाने का लाभ ले सकेंगे। उल्लेखनीय है कि कुछ लोगों के आधार कार्ड बनने में दिक्कत आने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्री उइके ने विशेष आधार कार्ड निर्माण शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में 19 मई सोमवार को देवभोग में विशेष आधार कार्ड शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### जेसीबी ड्राइवर के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली के मेदनीपुर में अतिक्रमण हटाने के दौरान जेसीबी में तोड़फोड़ और ड्राइवर के साथ मारपीट किए जाने के मामले में बसना थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी विकास यादव निवासी ग्राम बामडाडीह ने बताया कि वह चनौरडीह के अश्वनी प्रधान का जेसीबी चलाता है। 16 मई को सरायपाली के मेदनीपुर में तेजराम प्रधान की जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए किराये पर जेसीबी लेकर गया था। कब्जा हटाते समय गांव के अमित साहू, गंगाधर साहू, बलोचन साहू, सत्यानंद यादव एवं अन्य लोग आये और हमारे मकान को क्यों तोड़ रहे हो कहकर सभी ने एकराय होकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए डंडा और पत्थर से मेरे जेसीबी के कांच में तोड़फोड़ की और इस दौरान अमित साहू ने हाथ में रखे पत्थर से मार सिर पर मार दिया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 324(4), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### नगर पालिका के ड्राइवर से मारपीट

**महासमुंद।** टैंकर से पानी सप्लाई कर रहे नगर पालिका के ड्राइवर के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थी धनेश्वर साहू निवासी ग्राम शेर ने बताया कि वह नगर पालिका महासमुंद में ड्रायवर के पद पर डेलीवेजेस में कार्यरत है। 17 मई को उसकी ड्यूटी नयापारा, इमलीभांठा में पानी सप्लाई के लिए लगाई गई थी। इस दौरान वह वार्ड नंबर 06 आंगनबाड़ी के पास ट्रैक्टर को खड़ा कर मोहल्ले वालों को पानी वितरण कर रहा था। रात करीबन 10:30 बजे आरोपी मूलचई चंद्राकर ट्रैक्टर के पास आया और गाली गलौज करते हुए बोला कि तुम लोग हम लोगों को पानी नहीं दे रहे हो, इस पर उसने कहा कि पानी खत्म हो गया है।

# खेतों में धान की फसल पककर तैयार, बदलते मौसम से नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

अंचल में पिछले 10 दिनों से आंधी- बारिश का सिलसिला जारी है। सुबह से दोपहर तक तेज धूप रहता है। जैसे ही शाम होने को आता है तो अचानक मौसम बदल जाता है। देखते ही देखते तेज हवा और अंधड़ चलने लगता है। इसके साथ ही बारिश होने लगती है। रात में ठंड का अहसास होता है। इस गर्मी के सीजन में तीनों ऋतुओं का आनंद लोगों को मिल रहा है। मई का यह महीना सावन से कम नहीं लग रहा है। हालांकि दिन में उमस से लोग हलाकान रहते है। मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिमी विक्षोभ के साथ दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश से लेकर तमिलनाडु तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है।

## पशिचमी विक्षोभ के चलते आंधी-बारिश का सिलसिला जारी



### मई के अंतिम सप्ताह में मानसून आने की संभावना



इस वर्ष किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है कि मानसून मई के अंतिम सप्ताह में भारत के प्रवेश कर जायेगा। जिस तरह मौसम के हालत बने है उससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि मानसून के आने के लिए मौसम अनुकूल है। जो किसानों के लिए राहत देने वाला खबर है। जिसे ध्यान में रखकर किसानों ने अभी से जोताई, खेत की सफाई, ट्रैक्टर की रिपेयरिंग, बीज की उपलब्धता की तैयारी चालू कर दी है। जानकारों का मानना है कि अर्ली वेरायटी के धान मानसून के आते ही बुवाई कर दी जाती है। इसलिए भी किसानों को मानसून का बेसब्री से इंतजार है। बदलते मौसम का मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवाओं का असर है। वर्तमान में मध्य और ऊपरी स्तर की पश्चिमी हवाओं में एक पश्चिमी विक्षोभ का सिस्टम बना हुआ है। इसके अलावा चक्रवाती हवा का सिस्टम बना हुआ है। जिसका असर रायपुर, गरियाबंद एवं धमतरी जिले में भी रहेगा। माना जा रहा है कि दिन के अधिकतम तापमान में वृद्धि नहीं होगी। आगामी 2 से 3 दिनों तक मौसम खुशनुमा रहेगा।

बारिश के इन दोनों स्ट्रांग सिस्टम के एक्टिव होने से छत्तीसगढ़ में आंधी -बारिश की स्थिति बन रही है। मौसम में अचानक हुए बदलाव के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। क्षेत्र का अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेंटीग्रेड एवं रात का पारा 28 से लेकर 32 डिग्री के आसपास तथा तापमान में वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है।

विगत एक पखवाड़े में आंधी तूफान एवं बारिश से रबी फसल एवं सब्जी के फसल को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में धान के फसल पककर तैयार है। लेकिन खेत गिले होने की वजह से हार्वेस्टर खेतों तक नहीं पहुंच पा रहे है। पकी बलिया खेतों में झड़ रहे है। सब्जी की फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। कीट का ▶▶ शेष पेज 11 पर

## कार्रवाई : आरोपी ने नवापारा के 100 से अधिक लोगों को करवाया था निवेश

# डबल रिटर्न का लालच देकर 17 करोड़ रुपए की ठगी, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

नवापारा थाना क्षेत्र में 17 करोड़ रुपये की ठगी के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सुनील कंसारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने नवापारा नगर के 100 से अधिक लोगों को निवेश पर रकम दोगुना करने का लालच देकर ठगी की। इस मामले ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है, वहीं पुलिस की शुरूआती निक्रियता और गिरफ्तारी के बाद आरोपी के साथ नरम रवैये ने कई सवाल खड़े किए हैं। सुनील कंसारी ने कथित तौर पर एक सुनियोजित तरीके से लोगों को अपने जाल में फंसाया। उसने पीड़ितों को कम समय में निवेश की राशि दोगुना करने का झांसा दिया। कई पीड़ितों ने अपनी जमा-पूंजी, जमीन बेचकर या कर्ज लेकर आरोपी को पैसे सौंपे। नवापारा नगर के छोटे व्यापारियों, मजदूरों और मध्यमवर्गीय परिवारों को इस ठगी का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।

■ थाने से तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

पीड़ितों ने कई महीनों तक गोबरा नवापारा थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की सुस्ती के कारण आरोपी लंबे समय तक खुलेआम घूमता रहा। स्थिति तब बदली जब पीड़ितों ने उच्च पुलिस अधिकारियों और राज्य के गृह मंत्री को लिखित शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई में तेजी दिखाई और सुनील कंसारी को हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस का रवैया हैरान करने वाला रहा। सुनील कंसारी को गोबरा नवापारा थाने में हिरासत में रखा गया, लेकिन उसे सामान्य अपराधियों की तरह जेल में बंद करने के बजाय थाने के एक कमरे में बिठाया गया। बताया गया कि उक्त आरोपी कमरे में बैठकर पेपर पढ़ रहा था। इस घटना की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसके बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ितों ने मांग की है कि उनकी पूरी राशि वापस की जाए और सुनील कंसारी के साथ-साथ उसके सहयोगियों को भी सजा दी जाए। कुछ पीड़ितों का कहना है कि इस ठगी के पीछे एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है, जिसकी गहराई से जांच होनी चाहिए। पुलिस ने संकेत दिए हैं कि वे आरोपी के बैंक खातों, संपत्तियों और अन्य वित्तीय लेनदेन की जांच कर रहे हैं ताकि ठगी की राशि का पता लगाया जा सके। कई परिवार अपनी जमा-पूंजी गंवाकर आर्थिक संकट में हैं।




### लुभावनी स्कीम बताकर करता था ठगी

नवापारा पुलिस ने बताया कि अविचल सिन्हा पिता पवन कुमार सिन्हा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि सुनील कंसारी के द्वारा लोक लुभावन स्कीम बताया गया उसकी बर्तन दुकान और शुभम के मार्ट में शेयर धारक हूं, महफिल रेस्ट्रो राजिम, रोड साइड रेस्ट्रो का शेयर धारक हूं, तथा मेरा दोना पत्तल का भी व्यवसाय है जिस पर आप निवेश करेंगे तो रकम दुगुना करके वापस दिया जएगा। तब अविचल सिन्हा ने विश्वास करते हुए सुनील कंसारी को 01 सितम्बर 2020 के सुबह करीबन 5.51 बजे से दिनांक 01 जुलाई 2024 के दोपहर करीबन 2.52 बजे के बीच की भिन्न-भिन्न दिनांक में 9 लाख नगद एवं 6 लाख,94 हजार,390 रुपए ऑनलाइन माध्यम से दिया हूं, परंतु कुछ दिनों बाद पैसा वापस करने की मांग करने पर उन्होने साफ मना कर दिया। इस सबंध में नवापारा राजिम के अपने परिचितों से चर्चा की तो पता चला कि उसके परिचित चंद्रशेखर पटेल राजिम लेखराज साहू, भरत साहू, एवं अभिनव यदु, सतीश सिन्हा, वरूण कंसारी, रजत पांडे, चंद्रिका साहू, पंकज सिंह चौहान एवं अन्य के साथ भी सुनील कंसारी ने धोखाधड़ी किया है।

# सुरक्षा बलों ने पांच किलो के दो आईईडी बम किया निष्क्रिय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

सुरक्षा बलों को नुकसान पंहुचाने की नीयत से नक्सलियों के द्वारा आईईडी प्लांट कररखे अलग-अलग जगहों पर आईईडी को सुरक्षा बलों द्वारा निसक्रिय किया गया। जिला बल गरियाबंद एवं 65 वाहिनी सीआरपीएफ की एफ कंपनी की संयुक्त कार्यवाही। गरियाबंद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है इसी दौरान थाना मैनपुर क्षेत्रतंर्गत ग्राम गौरमुंड के जंगलों में नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर आज रविवार को असिस्टेंट कमांडेंट सुधीर कुमार के नेतृत्व में जिला बल एवं 65 वाहिनी सीआरपीएफ की एफ कंपनी की संयुक्त टीम गौरमुण्ड के जंगल में अभियान पर रवाना हुए थे। माओवादियों द्वारा विभिन्न जगह पर कुकर बम सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से लगाए हुए थे। नक्सलियों के मंसूबो को नाकाम करते हुए सुरक्षा बल के बीडीएस टीम के द्वारा 5 किलो के 2 आईईडी को सुरक्षार्थ नष्ट किया गया। नक्सलियों द्वारा जंगल में लगाये गये इस आईईडी से नजदीग गांव के ग्रामीणों एवं पशुओं को भी नुकसान हो सकता था। सुरक्षाबलों को सर्चिंग के दौरान जंगल में सोलर प्लेट, वायर, बर्तन जैसे अन्य नक्सल समाग्री बरामद हुए।

# पुलिस ने तस्करों के चंगुल से 33 गौवंश को कराया मुक्त, 3 आरोपी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गौवंश तस्करों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गौ तस्करी की सूचना पर कार्यवाही कर लगभग 33 गौवंश पशुओं को जब्त किया गया। गौवंश पशुओं को भूखे प्यासे मारपीट करते हुए अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पैदल गौ तस्करी के लिए ले जाने की सूचना विश्व हिंदू परिषद ने देवभोग थाना पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही पुलिस एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पकड़ा गया। प्रकरण में 33 गौवंश पशुओं को गौ तस्करों से मुक्त कराकर लाटापारा के गोठान में उसे अभी रखा गया है। 33 गौवंश पशुओं को गौ तस्कर करते तीन लोग सिंधु राम,मानसिंह,सुरेश शामिल है। इस विषय में जब थाना के सहायक उप–निरीक्षक कुमार महिलांगे सर से बात हुई उन्होंने ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के द्वारा फोन के माध्यम से जानकारी मिली कि गौ तस्कर घोघर से होते हुए ओडिशा गाय बैल को ले जा रहे थे। गौ तस्कर ओर 33 गौवंश पशुओं को हम लाटापारा के पास पकड़ के रखें है,सूचना मिलते ही पुलिस टीम के द्वारा वही जा कर जांच की गई इसमें 33 गौवंश पशुओं के जब्ती बनाई गई ओर 3 तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज किए है। इस दौरान गौ तस्कर को पकड़ने वालो में प्रमुख रूप से बजरंग दल के विकास उपाध्याय,अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद अर्जुन सोनी,उपाध्यक्ष सचिन टांडिया नगर अध्यक्ष, आकाश प्रधान जिला संयोजक, कमलेश नायक सदस्य, हरिशंकर मिश्रा सदस्य, राजकुमार डोंगरे सह संयोजक ओर पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल भी मौजूद रहे।



# खाते किराए पर देने-लेने वाले 10 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम



बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा राजिम के 7 बैंक खाता धारकों के एकाउण्ट में देश के अलग-अलग राज्य में हुए अनेकों लोगों से अलग-अलग ठगी का कुल रकम 4 करोड़ 16 लाख 96 हजार 238 रुपए प्राप्त किया गया है। राजिम टीआई अमृत साहू ने बताया कि समन्वय पोर्टल के माध्यम से क्षेत्र के म्यूल खाता धारकों के अवलोकन करने पर पाया गया कि दिनांक 30.05.2024 से दिनांक 17.03.2025 तक उपरोक्त 7 बैंक खातों का उपयोग आनलाईन ठगी के रकम प्राप्त करने में प्रयोग होने व अवैध धन लाभ अर्जित करने के लिए उपयोग में लिये जाने के साथ उपरोक्त खाता धारकों द्वारा यह जानते हुए कि उक्त रकम छल से प्राप्त किया गया रकम है जिसमें साइबर फ्राड के पैसे एक से अधिक बार जमा हुए है। उपरोक्त सभी खाता धारकों के द्वारा षडयंत्र पूर्वक साइबर फ्राड कर अवैध धन अर्जित करना पाये जाने से उक्त खाता धारकों के विरूद्ध अपराध धारा 317(2), 317(4), 318(4), 61(2)(क), 3(5) बीएनएस का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान उक्त खाता धारको को नोटिस जारी कर थाना बुलाकर पुछताछ किया गया। जिस पर आरोपियों द्वारा देश के अलग-अलग हिस्सों से ▶▶ शेष पेज 11 पर

### बैंक खाते को किसी को न दें

राजिम टीआई अमृत साहू ने बताया कि म्यूल एकाउण्ट जो कि मनी लॉड्रिंग के लिए इस्तेमाल किये जाने वाला एकाउण्ट होता है। साइबर फ्रार्ड के माध्यम से धोखाधड़ी कर कमाए गए पैसे को एक एकाउण्ट से दूसरे एकाउण्ट में ट्रांसफर किया जाता है। जिसके लिए बैंक खातों को किराये पर लिया जाता है। म्यूल एकाउण्ट का पता लगाने के लिए म्यूल एकाउण्ट डिटेक्शन इस्तेमाल किया जाता है। आम जनता से राजिम पुलिस ने अपील किया है कि अपने बैंक खाते को किसी दूसरे व्यक्ति को अवैध धन अर्जिन करने के लालच में किराये से देना या बेचना अपराध के श्रेणी में आता है। इस प्रकार के कृत्य से बचे और अपने साथ दूसरों को भी संदेश दे।

## प्रधानमंत्री आवास, पट्टा और अन्य मांगें अधूरी

# शिविर की जगह बदली, मुनादी भूली, सुशासन तिहार बना औपचारिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुशासन तिहार के तहत नगर पंचायत कोपरा में आयोजित समाधान शिविर नगरीय प्रशासन की लापरवाही का शिकार बन गया। शासन की मंशा थी कि आम नागरिकों की समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान किया जाए, लेकिन नगर पंचायत की बदइंतजामी ने पूरे आयोजन को मज़ाक बना दिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इस समाधान शिविर की जानकारी ही आम जनता तक नहीं पहुंचाई गई, जिससे बड़ी संख्या में नागरिक शिविर की तारीख और स्थान से अनजान रहे। नतीजा यह हुआ कि जिनके लिए यह शिविर आयोजित किया गया, वही लोग शामिल नहीं हो सके। इस संबंध में जब नगर पंचायत सीएमओ श्यामलाल वर्मा से पूछा गया, तो उन्होंने समाधान शिविर की सूचना न पहुंचने के पीछे स्थान परिवर्तन और खराब मौसम को कारण बताया। उनका कहना था कि पहले शिविर का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय में प्रस्तावित था, लेकिन एसडीएम राजिम द्वारा स्थान बदलकर हाई स्कूल परिसर कर दिया गया। इस परिवर्तन के बाद भी नगर में मुनादी नहीं की गई, और जब की गई तब तक काफी देर हो चुकी थी।

**1498 आवेदन, समाधान के नाम पर विभागों को फारवर्डिंग-** शिविर में ऑनलाइन और ऑफलाइन मिलाकर 1498 आवेदन प्राप्त हुए। शासन के रिकॉर्ड में इनका समाधान दर्ज किया गया है, लेकिन वास्तविकता यह है कि केवल संबंधित विभागों को आवेदन फारवर्ड कर देना ही 'समाधान' मान लिया गया है। अधिकांश आवेदक अब भी समाधान की राह देख रहे हैं। नगर पंचायत की इस गंभीर लापरवाही ने शासन की मंशा और जनकल्याणकारी योजना की साख को नुकसान पहुंचाया है। यह साफ दिखता है कि नगरीय प्रशासन जनसमस्या समाधान के प्रति गंभीर नहीं है। ऐसी लापरवाह कार्यशैली से जनता में शासन की योजनाओं को लेकर अविश्वास की भावना पैदा हो रही है।




### अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद जनता नदारद

समाधान शिविर में एसडीएम राजिम विशाल महाराणा, तहसीलदार, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षद उपस्थित रहे, लेकिन शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता की भागीदारी पूरी तरह नदारद रही। शिविर में पीएम आवास, पट्टा वितरण एवं अन्य नागरिक समस्याओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए, लेकिन इनकी प्रगति जमीन पर कहीं नजर नहीं आती। केवल दस्तावेजों में समाधान दर्ज कर देना सुशासन नहीं, बल्कि जनता के साथ छल है।

# कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों, आवास मित्र ने आवास निर्माण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला



ग्राम पंचायत रसेला और ग्राम पंचायत कुडेरादादर में रविवार को तकनीकी सहायक पवन ध्रुव, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, पंच रजनी बाई यादव, कृष्णा यादव, निर्मला निषाद, आवास मित्र मूलचंद सोरी वहीं ग्राम पंचायत कुडेरादादर में सरपंच तुलेश्वर ध्रुव, उपसरपंच गुलाब मरकाम, सचिव दामोदर सोरी, रोजगार सहायक आशा साहू, आवास मित्र झवर अग्रवाल मौजूद थे। सरकार के महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर कलेक्टर हर विकासखण्ड में अधिकारी, कर्मचारी, सचिवों की बैठक लेकर सभी संबंधित आलाधिकारियों को चेतावनी देते हुए त्वरित गति से काम को आगे बढ़ाने का निर्देशित किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में शनिवार को ग्राम पंचायत रसेला और कुडेरादादर में कर्मचारी, सरपंच, सचिव, आवास मित्र, रोजगार सहायक, पचगण द्वारा आवास निर्माण के संबंध में घर घर जाकर जो हितग्राहिक आवास शुरू नहीं किया, और जो अर्पूण है उसे अतिशीघ्र आवासों को पूर्ण करने को कहा गया। कई हितग्राही ऐसे है जो पैसा निकालकर अभी तक निर्माण शुरू नहीं किया गया है। इस दौरान पंच कृष्णा साहू, मनोहर ध्रुव, संतोषी नेताम, शंकर नेताम, उर्वशी नागेश, कृष्णा बाई, मालती बाई सहित हितग्राही उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कॉलोनी की समस्याओं को लेकर विधायक से की मुलाकात

**रायपुर।** रेसिडेंट को-ऑपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू से सौजन्य भेंट की। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा कॉलोनी की मुख्य समस्याओं, बाउंड्रीवॉल का निर्माण, बाहर की ओर से कॉलोनी में आने वाली नाली के डायवर्सन, मुख्य द्वार पर गार्ड के बैठने के लिए शेड निर्माण, संपूर्ण परिसर में टूटे चैंबरों की मरम्मत, कॉलोनी के पीछे नाले के सौंदर्यीकरण इत्यादि समस्याओं के निराकरण के लिए हाउसिंग बोर्ड को निर्देशित करने के लिए विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया। जिस पर विधायक श्री साहू ने ध्यानपूर्वक समस्याएं सुनीं और शीघ्र ही निराकरण करने का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में सोसाइटी के संरक्षक कुलेश देवांगन, अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष बीआर देवांगन, कोषाध्यक्ष बीआर साहू, सांस्कृतिक प्रभारी भूमेद सिंह खंडाते, वरिष्ठ सदस्य हरि श्याम यादव एवं बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित थे।

### प्रदेश में खरीफ 2025 की तैयारी, कृषि संकल्प अभियान 29 से

**रायपुर।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार विकसित कृषि संकल्प अभियान वर्ष 2025 का आयोजन 29 मई से 12 जून 2025 तक राज्य के सभी विकासखंडों में किया जाएगा। यह राष्ट्रीय स्तर का अभियान खरीफ मौसम 2025 की पूर्व तैयारी को सशक्त बनाने, किसानों को आधुनिक व वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने तथा खेतों में हो रहे नवाचारों को पहचान कर अनुसंधान की दिशा तय करने के लिए प्रारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में अभियान के सफल संचालन के लिए कृषि एवं संबद्ध विभागों की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें प्रतिदिन 2 से 3 चिन्हित ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों के साथ वैज्ञानिक परिचर्चा आयोजित करेंगी। परिचर्चाओं के माध्यम से किसानों को धान की सीधी बुवाई, ड्रोन तकनीक का उपयोग, प्राकृतिक खेती, बीजों की नवीन किस्में, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित कृषि, बागवानी, पशुपालन व मत्स्यपालन संबंधी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इन आयोजनों में आईसीएआर संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक, कृषि विभाग व संबद्ध विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं प्रगतिशील कृषक भाग लेंगे।

### मराठा समाज ने किया आर्ट शाला का शुभारंभ



**रायपुर।** छत्रपति संभाजी महाराज जन्म जयंती (मराठा युवा दिवस) के अवसर पर मराठा समाज द्वारा निशुल्क समर कैंप, आर्ट शाला एवं मराठा समाज के कार्यालय का उद्घाटन पार्षद एवं जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने किया। इस मौके पर मराठा समाज के अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि आर्ट शाला 2025 में बच्चों को निशुल्क ड्राइंग, पेंटिंग, लिप्पन आर्ट, कोल्ड कुकिंग, मेहंदी, डांस के साथ ही साथ शिष्टाचार भी सिखाया जाएगा, जहां पर मराठा समाज द्वारा सीखने में लगने वाले सामान भी निशुल्क उपलब्ध कराएगा। अभी तक 93 बच्चों ने शिविर के लिए पंजीयन करा लिया है। इस आयोजन में मराठा मित्र मंडल रायपुर के अध्यक्ष लोकेश पवार, महिला अध्यक्षा सुषमा महाडिक, महासचिव विनोद मांढरे, सचिव शरद फरताड़े, कोषाध्यक्ष हेमराव सिरगिरे, संरक्षक सुरेंद्र डुकरे, नागराजू कापसे, प्रदेश महासचिव महेंद्र जाधव आदि उपस्थित थे।

# संविधान बचाओ रैली में शामिल होंगे पायलट, आज जांजगीर-चांपा से होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में पहलगाम की घटना को लेकर दो बार स्थगित हुई कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली अब जांजगीर-चांपा से शुरू की जाएगी। रैली में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट हिस्सा लेंगे। रैली के दौरान पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। 19 मई को जांजगीर चांपा में संविधान बचाओ रैली के बाद सभी जिला मुख्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। जिला एवं विधानसभा के बाद कांग्रेस घर-घर तक संविधान बचाओ अभियान लेकर जायेगी। जांजगीर-चांपा में होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी की रणनीति तैयार की गई है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रभारी सचिव जरिता लैतफलांग, प्रभारी सचिव विजय जांगिड़, विधायक सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे। पूर्व में दुर्ग और बिलासपुर से रैली शुरू करने का प्रयास किया गया, पर स्थगित कर दी गई। अब जांजगीर-चांपा से निकलने वाली रैली की तैयारी लगभग पूरी हो गई है।

## रैली के बाद सभी जिला मुख्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों में निकलेगी रैली

### तीन मांगों पर केंद्रित होगी रैली

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस पार्टी जनसरोकार की प्रमुख तीन मांगों को लेकर जनता के बीच जाएगी और केंद्र की मोदी सरकार पर दबाव बनाएगी। पहला आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीलिंग हटाने की मांग, इसके लिए एआईसीसी ने अहमदाबाद की बैठक में प्रस्ताव भी पास किया है। दूसरा केंद्र की सरकार ने नेशनल बजट के एलोकेशन में एससी, एसटी के लिए बजट दुर्भावना पूर्वक कम किया जा रहा है, उसे बढ़ाने और पॉपुलेशन के आधार पर बजट हो, सभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी युवाओं को प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण दिया जाए। 2006 में यूपीए की सरकार ने संविधान के आर्टिकल 15(5) में इसका प्रावधान भी किया है, इसका सरकारी स्कूलों में तो लाभ मिल रहा है, लेकिन निजी संस्थान में आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार इसे निजी संस्थानों में भी तत्काल लागू कराए।







### आज से दो दिवसीय दौरे पर आएंगे पायलट

एआईसीसी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट 18 मई को नियमित विमान सेवा से शाम 5.30 बजे मुंबई से रायपुर पहुंचेंगे। शाम 6 बजे समता कालोनी में पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत हुये कारोबारी स्व. दिनेश मिरानिया के परिवार से मुलाकात करेंगे। शाम 6.30 बजे रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे एवं रात्रि विश्राम बिलासपुर में करेंगे। 19 मई को दोपहर 2 बजे बिलासपुर से जांजगीर-चांपा के लिये रवाना होंगे। दोपहर 3 बजे जांजगीर-चांपा में आयोजित मेजर ध्यान चंद हॉकी स्टेडियम में संविधान बचाओ रैली के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5.30 बजे जांजगीर-चांपा से रायपुर के लिये रवाना होंगे। रात 8.30 बजे रायपुर से नियमित विमान सेवा द्वारा नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण

# 7127 स्कूलों में एक शिक्षक, 260 भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने की पहल की है। वर्तमान में प्रदेश की 212 प्राथमिक शालाएं पूर्णतः शिक्षक विहीन हैं, जबकि 6,872 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। इसी प्रकार 48 पूर्व माध्यमिक शालाएं शिक्षक विहीन हैं तथा 255 शालाएं एकल शिक्षकीय श्रेणी में आती हैं। इस प्रकार प्रदेश की 7127 स्कूलों में एक शिक्षक हैं, वहीं 260 स्कूल ऐसे है, जहां एक भी शिक्षक नहीं है, यह भगवान भरोसे चल रहे हैं।

प्रदेश में प्राथमिक शालाओं में कुल 77 हजार 845 सहायक शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि पूर्व माध्यमिक शालाओं में 55 हजार 692 शिक्षक कार्यरत हैं। यदि शिक्षक विहीन प्राथमिक शालाओं में 2-2 तथा एकल शिक्षकीय शालाओं में 1-1 अतिरिक्त शिक्षक की नियुक्ति की जाए, तो कुल 7 हजार 296 सहायक शिक्षकों की आवश्यकता होगी, जबकि उपलब्ध अतिशेष सहायक शिक्षक केवल 3 हजार 608 हैं। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक स्तर पर शिक्षक विहीन शालाओं में 4, एकल शिक्षकीय में 3, दो शिक्षकीय में 2 और तीन शिक्षकीय में 1 अतिरिक्त शिक्षक की आवश्यकता होगी। इस मानक के अनुसार कुल 5 हजार 536 शिक्षकों की आवश्यकता बनती है, जबकि केवल 1 हजार 762 शिक्षक ही अतिशेष हैं।

### विभाग के अनुसार 1762 शिक्षक ही अतिशेष



### प्रायमरी में 60 छात्रों पर एक शिक्षक

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार, प्राथमिक शालाओं में 60 छात्रों तक 2 सहायक शिक्षक तथा प्रत्येक 30 अतिरिक्त छात्रों पर एक अतिरिक्त सहायक शिक्षक रखने का प्रावधान है। पूर्व माध्यमिक शालाओं में 105 छात्रों तक 3 शिक्षक और 1 प्रधान पाठक, तथा प्रत्येक 35 छात्रों पर एक अतिरिक्त शिक्षक नियुक्त किया जाना है। छत्तीसगढ़ में कई प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान पाठक के पद अधिनियम के लागू होने से पहले से स्वीकृत हैं, इसलिए शिक्षक गणना में इन पदों को भी सम्मिलित किया गया है। वर्ष 2008 के बाद प्रारंभ हुए विद्यालयों में प्रधान पाठक का पद स्वीकृत नहीं है।

### कई स्कूलों में शिक्षक और संसाधनों की कमी

शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है, ताकि शिक्षक संसाधनों का अधिकतम और समान उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। प्रदेश में वर्तमान में 30 हजार 700 शासकीय प्राथमिक शालाएं संचालित हो रही हैं, जिनमें छात्र-शिक्षक अनुपात 21.84 है। वहीं 13 हजार 149 पूर्व माध्यमिक शालाओं में यह अनुपात 26.2 है, जो राष्ट्रीय औसत की तुलना में बेहतर स्थिति को दर्शाता है। इसके बावजूद कई विद्यालयों में शिक्षक संसाधनों की कमी देखने को मिल रही है।

### 6665 शालाओं में पांच या अधिक शिक्षक

राज्य में शिक्षकों की संख्या पर्याप्त होने के बावजूद उनका वितरण असमान है। कुछ विद्यालयों में जहां शिक्षक नहीं हैं, वहीं अन्य विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं। उदाहरण के लिए, लगभग 1 हजार 500 प्राथमिक शालाएं ऐसी हैं जहां 5 या उससे अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। इसी प्रकार 3 हजार 465 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5 शिक्षक तथा 1 हजार 700 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5 से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। यह असंतुलन शिक्षा की गुणवत्ता में बाधक है, जिसे युक्तियुक्तकरण द्वारा सुधारा जा सकता है। उच्च माध्यमिक व हाई स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति विषय-वार सेटअप के अनुसार होती है, इस कारण वहाँ अतिशेष शिक्षकों की संख्या अपेक्षाकृत नगण्य है।

### *युक्तियुक्तकरण की दोषपूर्ण नीति शिक्षा की गुणवत्ता गिरेगी- संजय*

*छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, युक्तियुक्तकरण की वर्तमान नीति में प्रायमरी, मिडिल व कामर्स के एक-एक शिक्षकों की संख्या सभी स्कूल में समाप्त की गई है। युक्तियुक्तकरण की दोषपूर्ण नीति से शिक्षा विभाग में शिक्षा की गुणवत्ता गिरेगी। कम शिक्षक होने से कक्षा संचालन भी संभव नहीं, इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। नीति में सबसे बड़ी विसंगति तो यही है कि प्रत्येक शाला में एक-एक पद न्यूनतम छात्र संख्या पर कम किया गया है। साथ ही एक ही परिसर की शालाओं को सम्बद्ध करने कहा गया है, इससे शाला का प्रबंध कमजोर होगा और प्रधान पाठक पद को खत्म किया जा रहा है, इससे शिक्षकों की पदोन्नति नहीं होगी।*

### *कोई भी स्कूल बंद नहीं होगा*

*युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लेकर यह स्पष्ट किया गया है कि यह किसी भी विद्यालय को बंद करने की प्रक्रिया नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित क्लस्टर विद्यालय अवधारणा के अनुरूप एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में केवल प्रशासनिक समन्वय होगा, न कि किसी विद्यालय या पद की समाप्ति। उदाहरण के लिए, यदि किसी परिसर में तीनों स्तर के विद्यालय हैं, तो प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का समायोजन उच्चतर विद्यालय परिसर में किया जाएगा, जिससे भविष्य में बेहतर अधोसंरचना और शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।*

## एक्सप्रेस-वे, स्काईवॉक भाजपा के भ्रष्टाचार के स्मारक के रूप में जनता के सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूर्वमंत्री राजेश मूणत कितनी भी गलत बयानी कर लें, रायपुर का एक्सप्रेस-वे, स्काईवॉक भाजपा के भ्रष्टाचार की स्मारक के रूप में छत्तीसगढ़ की जनता के सामने खड़ी है। तत्कालीन भाजपा सरकार के लोक निर्माण मंत्री राजेश मूणत ने बिना किसी आवश्यकता के रायपुर शहर में एक स्काई वॉक बनाने का प्रोजेक्ट अपने रसूख का प्रयोग करके पास करवा दिया, जिसकी कोई आवश्यकता ही नहीं थी। जनता ने भी स्काई वॉक निर्माण के प्रोजेक्ट को लेकर तत्कालीन सरकार का विरोध किया था।

उन्होंने कहा, भाजपा ने अपने 15 वर्ष के शासन काल में जिस प्रकार से शासकीय धन का दुर्विनियोजन किया, उसका एक बहुत छोटा सा उदाहरण स्काईवॉक प्रोजेक्ट है, जो दिन- प्रतिदिन रायपुर की जनता को उनके साथ हुये विश्वासघात, उपेक्षा और धोखाधड़ी की याद दिलाता है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार अधूरे स्काईवॉक पर पैसा खर्च करने के बजाय निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए और शहर के भविष्य की मांग के अनुरूप फ्लाई ओवर बनाने पर योजना बनानी चाहिए। एक आदमी की जिद और अहंकार की संतुष्टि के लिए फिजूल का निर्माण कार्य कराया जा रहा।

### अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर सूरजपुर पूरे प्रदेश में अव्वल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2024-25 की अटल मॉनिटरिंग पोर्टल रैंकिंग में पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गुणवत्ता, प्रभावशीलता और पहुँच को दर्शाती है। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के निवारक, प्रोत्साहनात्मक और उपचारात्मक पक्षों का आकलन किया जाता है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक 29 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*मणिपुर, केरल, कर्नाटक सहित अन्य राज्यों से आएंगे प्रतिनिधि*

*पर्यावरण संरक्षण और नवाचारों से युक्त होगा तीन दिवसीय कार्यक्रम*

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक 29 से 31 मई तक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मंडपम सभागार में आयोजित है। इस बैठक में मणिपुर, केरल, कर्नाटक सहित देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके साथ नेपाल से भी परिषद के कार्यकर्ता बैठक में भाग लेने रायपुर आ रहे हैं। इस मौके पर 7 विषयों पर प्रमुख रूप से चर्चा होगी। बैठक को नवाचार से युक्त और पर्यावरण अनुकूल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। परिषद के रायपुर महानगर मंत्री और प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रथम राव और विदिशा से संगठन मंत्री शालिनी ने शनिवार को संयुक्त रूप से इसकी जानकारी दी।

मीडिया से चर्चा में पदाधिकारी द्वय ने बताया कि यह संपूर्ण आयोजन जीरो प्लास्टिक उपयोग के सिद्धांत पर आधारित होगा। साथ ही सब्जियों के छिलके से कंपोस्ट खाद तैयार करने, मिलेट से रंगोली बनाने और गोबर ने मैनचेस्टर प्लेट तैयार किया जायेगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देशभर के परिदृश्य का प्रस्ताव शामिल रहेगा। आंतरिक सुरक्षा, नक्सलवाद की समस्या, कुलपति नियुक्त सहित अनय प्रमुख विषयों पर चर्चा की जायेगी। प्रथम राव ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी का लक्ष्य इस बार देशभर में 1 करोड़ सदस्य बनाने का है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाहक मुकुंद सियार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वे कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन भी देंगे।

## प्रशिक्षु अधिकारियों ने किया सेंट्रल जेल का भ्रमण




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित प्रशिक्षु अधिकारियों ने शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण कर कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। इनमें 9 डिप्टी कलेक्टर, 6 राज्य कर सहायक आयुक्त, 9 सहायक आयुक्त सहकारिता, 5 जिला आबकारी अधिकारी सहित कुल 29 प्रशिक्षणरत अधिकारी शामिल थे। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा के संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण के अंतर्गत इन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्य के कारागार तंत्र, अपराध नियंत्रण और न्याय प्रणाली और बंदी पुर्नवास की व्यावहारिक जानकारी दी गई, ताकि वे प्रशासनिक सेवाओं के दौरान इन महत्वपूर्ण विषयों को गहराई से समझ सकें। भ्रमण के दौरान सहायक जेल महानिरीक्षक अमित शांडिल्य द्वारा जेल प्रशासन की संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के अधिकार, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों ने किया नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम और 'ऑपरेशन सिंदूर' की वीरगाथा को जनमानस से जोड़ने के लिए पूरे प्रदेश में भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। जशपुर जिले के दुलदुला तहसील के चराईडांड़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में निकली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में हजारों नागरिकों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री साय ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया और 'ऑपरेशन सिंदूर' को राष्ट्र की एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कर राष्ट्रीय संकल्प को जनआंदोलन में बदला।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बिलासपुर में मिनी स्टेडियम से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाई। लखीराम ऑडिटोरियम तक निकली इस यात्रा में सांसद, महापौर, अधिकारी और जनसामान्य की उल्लेखनीय भागीदारी रही। सुकमा जिले के चिंगावरम में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा और वनमंत्री केदार कश्यप ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। इस आयोजन में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और स्पष्ट किया कि अब बस्तर आतंक से नहीं, आत्मबल से पहचाना जाएगा।

### राजनांदगांव में डा. रमन हुए शामिल



राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह स्वयं ग्राम भर्रेगांव और शहर में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारत की ताकत का जीवंत उदाहरण है। आम नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लेकर सैनिकों को सच्ची श्रद्धांजलि दी। रायगढ़ जिला मुख्यालय में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह और लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया के नेतृत्व में निकली यात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया। कोरबा में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में घंटाघर चौक से निकली यात्रा में महापौर, कलेक्टर और एसपी सहित हजारों लोगों की भागीदारी रही। महासमुंद में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी और विधायक योगेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में यात्रा गांधी चौक से हाई स्कूल मैदान तक संपन्न हुई। कवर्धा जिले में गांव-गांव तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें सरपंच, शिक्षक, युवा मंडल और आम नागरिकों ने मिलकर सेना के प्रति सम्मान प्रकट किया। यह आयोजन जनजागृति का सशक्त मंच बना। बालोद जिला मुख्यालय में वल्लभ भाई पटेल मैदान से निकली यात्रा पुष्प वर्षा और भारत माता की जय के नारों से गुंजायमान रही। दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही, अर्जुंदा जैसे निकायों में भी समान उत्साह देखा गया। कोण्डागांव में विधायक लता उसेंडी और कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना की उपस्थिति में पलारी गांव और नगर क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई। सरगुजा में विधायक राजेश अग्रवाल और कलेक्टर विलास भोसकर की उपस्थिति में भव्य यात्रा निकाली गई।

## छत्तीसगढ़ के पंप अब कभी सूखेंगे नहीं, आपूर्ति सुगम बनाने एचपीसीएल ने लाया प्रोजेक्ट

# पाइपलाइन के जरिए बहुत कम समय में ओडिशा से रायपुर पहुंचेगा पेट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के पेट्रोल पंपों में अब कभी भी पेट्रोल की आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी। इससे उपभोक्ताओं को भी पेट्रोल पंपों से बैरंग लौटना नहीं पड़ेगा। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) पेट्रोल आपूर्ति और वितरण को सुगम बनाने के लिए विशाख रायपुर पेट्रोल पाइप लाइन प्रोजेक्ट लाया है।

इस प्रोजेक्ट के तहत ओडिशा के काटाभांजी से छत्तीसगढ़ रायपुर तक 540 किलोमीटर की लंबी भूमिगत पाइप लाइन बिछाई जाएगी, जिसके माध्यम से पेट्रोल बहुत कम समय में कंपनी के डिपो तक पहुंचेगा, जिससे प्रदेश के पेट्रोल पंपों में इसकी आपूर्ति जल्द हो पाएगी।





### 2212 करोड़ का प्रोजेक्ट, छत्तीसगढ़ में 95 किलोमीटर की पाइपलाइन

एचपीसीएल का यह प्रोजेक्ट 2212 करोड़ रुपए का है। इस प्रोजेक्ट के तहत छत्तीसगढ़ में 95 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। यह पाइप लाइन महासमुंद जिले के कोमाखान से शुरू होकर नवा रायपुर होकर मंदिर हसौद क्षेत्र के ग्राम परवोन तक बिछाई जाएगी।



### महानदी से गुजरेगी पाइपलाइन

इस प्रोजेक्ट के तहत बिछाई जाने वाली पाइप लाइन 54 गांवों के अलावा महानदी को भी क्रास करेगी। यानी पाइप लाइन महासमुंद-रायपुर के बीच महानदी से भी गुजरेगी।

### *54 गांवों से होकर पहुंचेगी पाइप लाइन*

*इस प्रोजेक्ट के तहत कोमाखान से मंदिर हसौद स्थित गांव तक पाइप लाइन बिछाने में करीब 54 गांव प्रभावित हो रहे हैं, या यू कहें कि 54 गांव से होकर पाइप लाइन रायपुर पहुंचेगी। इनमें 38 गांव महासमुंद जिले के तथा 16 गांव रायपुर जिले के हैं। सूत्रों के अनुसार पाइप लाइन बिछाने के लिए प्रभावित होने वाले सभी गांवों को नोटिस के रूप में सूचना दी जाएगी तथा जिस भी परिवार या किसान की जितनी जमीन प्रभावित होगी, उसका मुआवजा का भुगतान उस क्षेत्र की सरकारी जमीन की दर के अनुसार किया जाएगा।*

### *प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ़-ओडिशा के उपभोक्ताओं को मिलेगी सुविधा*

*एचपीसीएस के इस प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ़ और ओडिशा के उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी। कंपनी अभी तक टैंकर वाहन के माध्यम से पेट्रोल की सप्लाई डिपो तक करती है। इसमें कई घंटे लग जाते हैं, जिसके कारण पेट्रोल पंपों में आपूर्ति करने में भी देर होती है। इसके अलावा भी कई कारण हैं, जिससे डिपो तथा पेट्रोल पंपों में आपूर्ति प्रभावित होने से उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ता है। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से डिपो और पंपों में कम समय में आपूर्ति होगी, जिससे उपभोक्ताओं को पंपों में पेट्रोल नहीं मिलने की परेशानी से भी मुक्ति मिलेगी।*

### जायसवाल बने रायगढ़ जिला कांग्रेस प्रभारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रायगढ़ जिले के लिए संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल को शहर जिला कांग्रेस कमेटी, रायगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जारी इस आदेश में कहा गया है कि श्री जायसवाल जिले में संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी निभाएंगे। साथ ही उन्हें जिला, नगर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, स्थानीय पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं से समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि वे समय-समय पर रायगढ़ जिले की संगठनात्मक गतिविधियों की रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपते रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों और सरपंचों को किया सम्मानित

**सरायपाली।** क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने ग्राम मुंडपहार में आयोजित स्नेह मिलन समारोह में शामिल हुईं। विधायक चातुरी नंद ने क्षेत्र की जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार जताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि मुझे शुरू से ही जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अपार स्नेह और सहयोग मिला है। आप सबकी यही स्नेह और सहयोग ही मेरी ताकत है, जिसकी बदौलत मैं क्षेत्र की जनता की सेवा दोगुनी ताकत के साथ कर रही हूं। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी मुझे हमेशा प्रोत्साहित किया, जो मुझे एक नई ऊर्जा प्रदान करती है। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि उन्होंने विधायक जन चौपाल की शुरुआत कर आमजन के समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष प्रयास कर रही है। विधायक जन चौपाल से जनता को अपने सेवक से मिलने के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। विधायक जन चौपाल को आम जन का अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है और अब ना केवल सरायपाली बल्कि बलौदा, सिंघोड़ा, भंवरपुर और केदुवा में भी जन चौपाल लगाया जा रहा है। कार्यक्रम को पूर्व नपा अध्यक्ष अमृत पटेल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरएन आदित्य, बलराम भोई, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, विधायक प्रतिनिधि मोहन लाल भोई, जनपद सदस्य पूजा तिवारी और एड पुरुषोत्तम पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य कुमुदिनी भोई, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामदयाल पटेल, नीलांबर सोनी, विधायक प्रतिनिधि द्वय घासिया सिदार, रमेश पटेल, बिरंची बेताल सहित वरिष्ठ नेतागण मंच में मंचासिन थे। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली ग्रामीण के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल और आभार प्रदर्शन सेमलिया निवासी हीरालाल साहू ने किया।

### रामचरित मानस पाठ में जिपं सदस्य लोकनाथ हुए शामिल



**सरायपाली।** ग्राम पंचायत नूनपानी में अखंड रामचरित मानस का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान की शोभा जिला पंचायत सदस्य लोकनाथ बारी की विशेष उपस्थिति से बढ़ी। कार्यक्रम में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। स्थानीय ग्रामवासियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने रामचरित मानस के पाठ का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। यह धार्मिक आयोजन सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया, जिसमें समाज के हर वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस अवसर पर युवा नेता लोकनाथ बारी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ाया।

### राष्ट्रीय कूडो चैंपियनशिप कप में जिले के 3 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**महासमुंद।** 16 से 21 मई तक पुणे बॉयज मिलिट्री स्कूल पुलगांव में आयोजित होने वाली तृतीय राष्ट्रीय कूडो चैंपियनशिप कप में जिले के 3 खिलाड़ी भाग लेंगे। महासमुंद से महिला वर्ग 240 में मीरा पंडा, पुरुष वर्ग में 260 में उपेंद्र प्रधान, 240 वर्ग में राकेश साहू छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए मेडल के लिए दावेदारी करेंगे। छत्तीसगढ़ से 62 खिलाड़ियों ने इस राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लिया है। महासमुंद के जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार धृतलहरे ने बताया कि महासमुंद जिले में निरंतर कूडो खेल में खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर राज्य को मेडल दिलाकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। इस खेल में खिलाड़ियों को दक्ष बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण द्वारा भी समय-समय पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है।

**अनदेखी : मैनपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का मामला**

# स्कूल के शौचालय में लाखों रुपए खर्च पर निर्माण अधूरा, इसलिए है अनुपयोगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

खास खबर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक वर्ष पहले लाखों रुपए खर्च करके अधूरा गुणवत्ताहीन शौचायल निर्माण किया है। इसका उपयोग विद्यार्थी नहीं कर पा रहे हैं। शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं पालकों ने अधूरे व गुणवत्तीहीन शौचालय निर्माण पर नाराजगी जताते हुए गरियाबंद कलेक्टर बीके उईके को पत्र लिखकर मामले की जांच की मांग की है।

ज्ञात हो कि तहसील मुख्यालय में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा के तहत दो बालिका एवं बालक शौचालय सहित तीन शौचालयों का निर्माण एक वर्ष पहले शुरू किया गया है। अब तक शौचालय निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। शौचालय निर्माण इतना घटिया स्तर का किया गया है कि छबाई, रंग रोंगन, प्लास्टर, दरवाजा, सीट और तो और शौचालय का पाइप भी फिट नहीं किया गया है। शौचालय में टाइल्स भी नहीं लगी है। कितने की लागत से तीन शौचालयों का निर्माण किया गया है, इसकी कार्य एजेंसी कौन है, इसका भी उल्लेख नहीं किया गया है। शौचालय निर्माण कार्य रिकार्ड में पूर्ण बता दिए जाने की जानकारी मिली है। शाला प्रबंधन समिति सदस्यों ने बताया तहसील मुख्यालय में जनपद के तमाम जिम्मेदार अफसर रहते हैं। उपयंत्री भी यही निवास करते हैं, बावजूद इसके उनके नाक के नीचे इतना घटिया स्तर का निर्माण कार्य किया गया है कि जिसका आज तक छात्र छात्राओं द्वारा उपयोग नहीं किया गया है। कई बार पालक और छात्र छात्राएं मामले की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जब तहसील मुख्यालय में निर्माण कार्य की यह स्थिति है तो ग्रामीण अंचलों में निर्माण कार्य की क्या स्थिति होगी, यह आसानी से समझा जा सकता है। आधा अधूरे और घटिया गुणवत्ता वाले शौचालय निर्माण स्वास्थ्य के लिए भी खतरा हैं। इसके सैप्टिक टैंक का खुला गड्ढा दुर्घटना को अमंत्रित कर रहा है। शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने शौचालय निर्माण कार्य की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।





**क्या कहते हैं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष**

शाला प्रबंधन समिति मैनपुर के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निर्माण किए गए तीन शौचालय बेहद घटिया स्तर के हैं। अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। इसका उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। पूरी गुणवत्ता के साथ शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना चाहिए, जिससे इसका लाभ छात्र–छात्राओं को मिल सके।

## रामूराम ने मां गायत्री की पूजा अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

शांतिकुंज हरिद्वार अखिल विश्व गायत्री परिवार के निर्देश पर पूरे विश्व में गृह गृह यज्ञ करने का अभियान चलाया गया एवं गायत्री प्रज्ञा चेतना केंद्र फिंगेश्वर के मार्गदर्शन पर गृह गृह यज्ञ करने का निर्देश हुआ जिसके तहत फिंगेश्वर नगर निवासी गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू ने गृह गृह यज्ञ के तहत अपने निवास पर गायत्री यज्ञ किया जिसमें सह परिवार उपस्थित होकर हवन पूजन में भाग लिया गया।



गायत्री परिवार की वरिष्ठ सदस्य रामू राम साहू ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर एवं गायत्री मंदिर चेतना केंद्र फिंगेश्वर के मार्गदर्शन पर गायत्री परिवार के द्वारा अभियान के तहत घर–घर यज्ञ करने का निर्देश हुआ जिसके तहत हमारे भी निवास पर संपूर्ण परिवार की उपस्थिति में एक कुंडी गायत्री यज्ञ गायत्री हवन विधि से किया गया रामू राम साहू ने यह भी कहा कि हवन से वातावरण शुद्ध होता है। अखिल विश्व गायत्री परिवार सर्वे भवंतु सुखीनह एवं विश्व के कल्याण के लिए कार्य करते आ रहा है पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य का उपदेश है कि सादा जीवन उच्च विचार।मद्यपान निषेध,हम सुधरेंगे युग सुधरेगा तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का निर्माण कर सबका कल्याण करना रहा है और इसी उद्देश्य को लेकर पूरे विश्व में अखिल विश्व गायत्री परिवार के माध्यम से जन कल्याण हेतु कार्य किया जा रहा है।जिसके जन जागरूकता के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण को लेकर घर-घर यज्ञ किया गया।इसी तरह से राष्ट्र एवं जन कल्याण के लिए अनेक कार्य अखिल विश्व गायत्री परिवार के माध्यम से गायत्री परिवार के सदस्य लोग करते आ रहे हैं।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह पर बाइक रैली व विविध कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर




जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में पुलिस विभाग द्वारा 19 मई सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को लेकर भव्य तैयारी किया जा रहा है सड़क सुरक्षा सप्ताह में जहां एक ओर गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा पहुंचेगें और इस दौरान चित्रकला, एवं रंगोली सहित जन जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रम का अयोजन किया गया है। वहीं दूसरी ओर सड़क सुरक्षा सप्ताह में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ी फिल्म के सितारे भी मैनपुर पहुंच रहे है जिसे लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है छत्तीसगढ़ फिल्म की जानी मानी अभिनेत्री ज्योत्सन्ना ताम्रकर और अभिनेता आकाश सोनी कार्यक्रम में शामिल होकर आमजनो को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक करेगें फिल्म सितारो की आने की खबर से क्षेत्र की युवाओं में खासे उत्साह देखने को मिल रहा है और बस स्टैण्ड मैनपुर भव्य कार्यक्रम की तैयारी किया जा रहा है। मैनपुर एसडीओपी पुलिस विकास पाटले ने चर्चा में बताया 19 मई दिन सोमवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत मैनपुर में पुलिस विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें क्षेत्रवासियों का वि"ाश सहयोग और योगदान मिल रहा है। उन्होने बताया इस कार्यक्रम में पुलिस कप्तान निखिल राखेचा एवं पुलिस विभाग के अधिकारी भी पहुंचेगें साथ ही मोटर सायकल रैली निकाली जायेगी और रैली में हेलमेट पहनकर शामिल होने की अपील की है। उन्होने बताया इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है और प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया जायेगा। साथ ही ग्रामवासियों को लिए अनुविभाग पुलिस थाना मैनपुर द्वारा आम जनता के लिए निशुल्क लर्निंग लाईसेंस बनाने के लिए शिविर लगया जा रहा है नेत्र परीक्षण भी किया जायेगा। एसडीओपी पुलिस विकास पाटले ने क्षेत्र वासियों से अपील किया है अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सड़क सुरक्षा सप्ताह को सफल बनाए साथ ही यह भी बताया गया है कि इस कार्यक्रम के जरीए लोगो नियमो का पालन करने और सुरक्षित यात्र के प्रति संवेदनशील बनाया जायेगा।

### तिरंगा यात्रा में शामिल हुए जनपद सदस्य

**नर्रा।** ग्राम पंचायत परसूली में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आंतकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की मौत के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को कड़ी सबक सिखाई। भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायतों व गांवों में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान जनपद सदस्य लोचन पटेल, सरपंच जलसिंह चक्रधारी, पंच सोनकुंवर चक्रधारी, कैलाश पटेल, हरक पांडे, पूर्व उपसरपंच भोजराम, परमेश्वर पटेल, राजेंद्र चक्रधारी, भाजपा नेता देवेंद्र चक्रधारी, सचिव सुनीता सोनवानी, रोजगार सहायक हेमकुमार सिन्हा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खगेश्वरी कुर्रे और ईश्वरी ठाकुर, मितानिन ऐशन पटेल समेत ग्रामीणजन शामिल हुए।

**अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर 21 से 31 मई तक होंगे विविध कार्यक्रम**

# समाज सुधारक और नारीशक्ति प्रतीक अहिल्या बाई होलकर : मोती राम





हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

लोकमाता रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी त्रि-शताब्दी समारोह के रूप में भव्य आयोजन करेगी। इस अवसर पर 21 से 31 मई तक जिला मुख्यालय सहित मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में रविवार को जिला भाजपा कार्यालय गरियाबंद में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बैठक में मुख्य वक्ता रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीराम साहू, राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी राजेश साहू सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता विधायक मोतीराम साहू ने कहा कि अहिल्या बाई होलकर केवल एक कुशल प्रशासक ही नहीं, बल्कि समाज सुधारक और महिला सशक्तिकरण की प्रतीक थीं। जीवन में आई तमाम कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने अपने कर्तव्यों से कभी पीछे नहीं हटते हुए समाज सेवा को अपना लक्ष्य बनाया। उन्होंने समाज की कुरीतियों को दूर करने, महिलाओं को सशक्त बनाने, रोजगार को बढ़ावा देने, मंदिरों का जीर्णोधार करने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए। वहीं राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन न्याय, सेवा और समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने कई जागरूकता अभियान चलाए, जनसुनवाई व्यवस्था को सशक्त बनाया, विधवाओं को अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया और महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया। उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी प्रेरणा के स्त्रोत हैं।

### 22 को जिला मुख्यालय में लगाई जाएगी प्रदर्शनी

जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भी अहिल्या बाई के पदचिह्नों पर चलते हुए समाज सुधार और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि 10 दिवसीय आयोजन में संगोष्ठियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिला जागरूकता अभियान और अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 22 मई को जिला मुख्यालय में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके ने किया।इस अवसर पर बैठक में जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह हुंदल, मुरलीधर सिन्हा, अनूप भोसले, लीलाराम ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, राधेश्याम सोनवानी, फारुख चौधरी, सागर मयाणी, अजय रोहरा, मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, सुमित पारख,धनराज विश्वकर्मा ,रिकेश साहू, हेमंत सिन्हा, मंजुलता हरित, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चर्तुवेदी, लेखराम ध्रुवा, जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव, उपाध्यक्ष लेखराम साहू, नपा सभापति रेणुका साहू, खेम सिंह बघेल, सूरज सिन्हा, किशोर यदु, भीम साहू, प्रकाश सोनी, पूर्णिमा चंद्राकर , छाया राही , देवकी साहू , सरल उईके प्रतीक सिंह,महेश कश्यप, किशोर यदु , सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कलाकारों की वित्तीय सहायता बढ़ाने पर सिरजन संस्था ने जताया शासन का आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर





छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग द्वारा अर्थाभाव ग्रस्त और जरुरत मंद कलाकारों को प्रदाय की जाने सहायता राशि को बढ़ाने के लिए सिरजन लोक कला एवं साहित्य संस्था जिला गरियाबंद एवं धमतरी के कलाकारों ने छत्तीसगढ़ शासन तथा मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय का आभार माना है। विधानसभा बजट सत्र में लिए गये अहम निर्णय में शामिल कलाकारों और साहित्यकारों को दी जाने वाली मासिक वित्तीय सहायता योजना नियम 1986 का संशोधन करते हुए सहायता राशि में बढ़ोतरी किया गया है। जो मासिक राशि 2000रूपये से बढ़ाकर 5,000 रूपये किया गया है। वहीं ईलाज अनुदान अन्य सहायता राशि में बढ़ोतरी किए जाने से सिरजन लोक एवं साहित्य संस्था जिला गरियाबंद और धमतरी के कलाकारों ने छत्तीसगढ़ शासन और माननीय मुख्यमंत्री का आभार माना है। उल्लेखनीय है कि विगत 11 वर्षों से विलुप्त हो रही लोक कला संस्कृति के संरक्षण, लोक कलाकार के उत्थान और कल्याण की दिशा में बहुउद्देशीय संस्था सिरजन जो प्रांतीय अध्यक्ष डा दीनदयाल साहू भिलाई,केन्द्रीय प्रतिनिधि डां ईश्वर तारक रायपुर जिला सिरजन गरियाबंद के संस्थापक गौकरण मानिकपुरी फुलझर के निर्देशन में संचालित इस बहुआयामी संगठन द्वारा मासिक बैठक दौरान 16 मई शुक्रवार को धौंराभांठा जिला धमतरी में उपस्थित कलाकारों ने विधान सभा में कलाकारों साहित्यकारों के कल्याण के लिए गये प्रस्ताव का उपस्थित कलाकारों ने स्वागत किया है। उल्लेखनीय है संस्कृति विभाग द्वारा प्रदत्त कलाकार पेंशन अन्तर्गत गरियाबंद जिले से 9 और धमतरी जिले से 1 कलाकार इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।और दोनों जिलों से इस योजना से लाभ लेने वालों की संख्या लगभग 20 में है जिनकी प्रक्रिया जारी है।

### ये रहे शामिल

स्वागत समारोह मे प्रधान संरक्षक और सेवा निवृत करारोपण अधिकारी नूतन लाल साहू, अध्यक्ष सेवक ठाकुर, उपाध्यक्ष गंगाबाई मानिकपुरी, सचिव यश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष चौतू राम तारक, संरक्षक बुधारु यादव, गरियाबंद ब्लाक ईकाई प्रमुख गिरवर सिंह धुरव अन्य कलाकार सदस्यों में विनोद कुमार साहू, रामकृष्ण सेन, रोशन कुमार, प्रेम लाल साहू, दौलत यादव, बाबूलाल साहू, रुक्मणी दीवान, महेश राम निर्ललकर, मुनेश मानिकपुरी, विजय कुमार पटेल, श्रवण कुमार पटेल, जयसिंग दीवान, लीला बाई कंवर, रजमत बाई, बिरम बाई, खेलावन पटेल ,श्याम लाल ध्रुव, हेमलाल, चिंता राम सहित नाचा, पंथी, पण्डवानी, सुआ नृत्य, भरथरी, फाग गीत, जस गीत, राउतनाचा आदिवासी नृत्य आदि विधाओं के कलाकार शामिल रहे।

## आंधी के साथ झमाझम बारिश...



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में रविवार दोपहर 2 बजे आंधी –तूफान के साथ झमाझम बारिश हुआ लगभग एक घण्टे तक झमाझम बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया।

## पेज 9 के शेष...

### खेतों में धान की...

प्रकोप बढ़ा है। सब्जियों में बरसात के कारण काले धब्बे दिखने लगे है। आगामी कुछ दिनों बाजार में लोकल ताजा सब्जी की आवक प्रभावित रहने की संभावना जताई जा रही है। इधर किसानों ने अपने खेतों में खरीफ फसल के लिए तैयारी शुरू कर दी है। मई माह में बेमौसम बारिश से जहां रबी फसल को हानि हुई है। जिन खेतों में रबी फसल नहीं लगाए गए है। उन खेतों में जुटाई का काम प्रारंभ हो गया है। मई में हुई बारिश का लाभ उठाकर किसानों ने अकरस बारिश के पहले ही जुटाई के काम में जुट गए है। ग्राम तर्री, दुलना, पटेवा खार के खेतों में छोटे काटे के पौधे को नष्ट करने ट्रैक्टर से जोताई का काम चालू हो गया है।

### खाते किराए पर...

साइबर ठगी की राशि को अपने एकाउंट में लेना स्वीकार किए। बैंक खातों को किराये पर देने एवं किराए पर लेने वालों के ऊपर कार्यवाह करते हुए आरोपी राधा साहनी देवारपारा राजिम, युवराज आदिल शास्त्री चौक बकली, बांकेबिहारी निषाद संघर्ष चौक शंकर नगर नयापारा, कुंजबिहारी निषाद संघर्ष चौक शंकर नगर नयापारा, रवि सोनकर निवास बगदेहीपारा नयापारा, पवन कुमार मिरी तनामीपारा बकली, मोहनीश कुमार ताण्डिया निवासी कोतवालपारा नवागांव (खिसोरा), हरीश साहू भाठापारा छांटा, रवि कुमार टिलवानी महादेव घाट रायपुरा, योगेन्द्र कुमार बंजारे पटेलपारा खिसोरा को समक्ष गवाहन के गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना राजिम पुलिस एवं स्पेशल टीम की विशेष भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### पीएम आवास निर्माण कार्य का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 10 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत धवलपुरडीह में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास के सफल क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2024–25 में स्वीकृित निर्माणाधीन / अप्रारम्भ आवासों का शत प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए हितग्राही के घर मे जा कर आवास प्रारंभ करने और पूर्ण करने के सलाह और निर्देश ब्लाक स्तर से अधिकारी द्वारा दिया गया और सभी हितग्राहियों को आवास मापदंड के अनुसार निर्धारित मापदंड (1 कमरा एवं रसोई युक्त) एवं निर्धारित सामग्री का उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। मनरेगा भुगतान संबंधित चर्चा किया गया और हितग्राहियों को 100 दिवस में आवास पूर्ण करने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए जिसमें जनपद पंचायत गरियाबंद से दुर्गेश साहू, प्रफुल्ल देवांगन बिहान समूह से पीआरपी और अन्य ग्रामीण व हितग्राही उपस्थित थे।

### भक्तिन माता की प्रतिमा से सजा राजिम चौक

**राजिम।** साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के महासचिव श्याम साहू ने कहा कि धर्म नगरी राजिम में राजिम भक्तिन माता चौक के निर्माण से सपने साकार हुए और एक लंबी प्रतीक्षा के बाद एक भव्य और आकर्षक प्रतिमा के साथ राजिम भक्तिन माता चौक की स्थापना हुई।



सपने जब मूर्त रूप लेकर सामने परिलक्षित होते हैं तब खुशियां दुगुनी हो जाती है। कहा कि राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू और समस्त पदाधिकारियो के अथक प्रयास और समिति के प्रेरणास्त्रोत प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू के सहयोग से यह प्रशंसनीय कार्य संपादित हुआ। कहा कि 11 मई को विधायक रोहित साहू ,विधायक संदीप साहू, प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू उपाध्यक्ष ,भुनेश्वर साहू ,नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, समिति के संरक्षक डॉ रामकुमार साहू , मेहतरु राम साहू ,कृषि वैज्ञानिक डॉ नारायण साहू के अलावा सर्व समाज के बुद्धिजीवियों एवं वरिष्ठ समाज सेवियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। माता राजिम का यह चौक छत्तीसगढ़ का प्रथम चौक होने का गौरव प्राप्त किया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस पुण्य कार्य के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का हृदय से आभार व्यक्त करते है जिन्होंने चौक निर्माण के लिए वर्ष 2022-23 में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान 15 लाख रुपए की राशि प्रदान किया था। प्रत्येक गांव नगर में माता राजिम के एक भव्य चौक निर्माण की परिकल्पना की गई है किन्तु आज तक यह मूर्त रूप नहीं ले पाई।

### लंबर में निकाली गई तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा

**सरायपाली।** ग्राम पंचायत लंबर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर वीर जवानों के शौर्य एवं पराक्रम को नमन करते हुए तथा भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने एवं देशवासियों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के लिए एक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत लंबर के सभी पदाधिकारीगण एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ ग्राम पंचायत की सरपंच मदन लाल चौरसिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा के दौरान देशभक्ति से ओत-प्रोत नारे और गीतों की गूंज में समूचे ग्राम को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यात्रा के पश्चात समापन समारोह में ग्राम पंचायत लंबर के सचिव कलाराम कश्यप ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी साझा की और भारतीय सेना के वीरता की सराहना की। इसके अलावा पत्रकार सत्तार अली द्वारा भारतीय सेना के शौर्य एवं पाकिस्तान की पराजय के बारे में जानकारी देकर उपस्थितजनों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों को ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा मिठाई का वितरण कर सभी लोगों का मुंह मीठा कराया गया।

---

**शिविर : समाधान शिविर में ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ**

# जल संरक्षण में सभी की भागीदारी जरूरी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं में पारदर्शिता लाने और आम नागरिको के मांग और शिकायतो का निराकरण के उदेश्य से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर सुशासन तिहार मनाया जा रहा है सुशासन तिहार के अंतिम चरण में विवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर से 10 कि.मी. दूर ग्राम पंचायत धवलपुर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, गरियाबंद जिला के कलेक्टर बीएस उईके जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम अपर कलेक्टर नवीन भगत, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम एवं विभिन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधी ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्रथम चरण में प्राप्त विभिन्न विभागीय मांगों एवं शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में ग्रामीणों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर में कलेक्टर ने ग्रामीणों को जल शपथ एवं वृक्षारोपण के लिए प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने कहा छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार गांव गरीब किसानो युवाओं और सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है। आम नागरिकों को मांग और शिकायतों के लिए शासकीय दफ्तर के चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। उन्होने ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर गरंटी पूरी हो रही है। उन्होने कहा राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री आवास कार्य तेजी से किया जा रहा है। आज गरीबो का सपना पूरा हो रहा है। महतारी वंदन का लाभ सभी पात्र माताओं को दिया जा रहा है। समाधान शिविर में गरियाबंद कलेक्टर उइके ने ग्रामीणों को पानी बचाने एवं उसका समुचित उपयोग करने पर जोर देते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल को बचाकर रखे। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा इस क्षेत्र में काफी मुलभूत समस्याए है, जिसका समाधान किया जाना बेहद जरूरी है ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुचें है। उन्होने कहा इस क्षेत्र के बाकड़ी नदी में लम्बे समय से पुल निर्माण की मांग किया जा रहा है, इस नदी में चार वर्श पहले स्कूल जाते समय एक बच्चा पानी में बह गया था। वहां पुल निर्माण किया जाना बेहद आवश्यक हो गया है।

■ मुलभूत समस्याओं का समाधान किया जाना जरूरी






**शिविर में हितग्राहियों को ट्रायसाइकिल व श्रवण यंत्र मिला**

समाधान शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र एवं एक हितग्राही को व्हीलचेयर, श्रम विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को श्रमकार्ड, मछली पालन विभाग द्वारा एक हितग्राही को मत्स्य जाल एवं एक हितग्राही को आइस बॉक्स तथा कृषि विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को एग्रीस्टेक में पंजीकृत कृषकों को प्रमाण पत्र एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4 हितग्राही को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को सुपोषण किट तथा तीन बच्चों का अन्नप्रासन्न कराया गया। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा सभी निराकरणों का वाचन कर पारदर्शिता के साथ ग्रामीणों को अवगत कराया गया।



**समाधान शिविर में ये रहे मौजूद**

इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच तुलसी ध्रुव, उपसरपंच कुलेश्वर कुमार सिन्हा, जंगल धवलपुर सरपंच दिनेश नेताम, बेगरपाला बिसाहिन बाई, पतोरादादर कृष्ण कुमार नाग, मर्दाकला उदराज सोरी, सत्या ठाकुर, हेमकुमारी नेताम, प्रेमलाल मरकाम, दिनेश नेताम, अर्जून सोरी, राधा बाई नागेश, ममता मरकाम, दिलीप खरे, दौलत सोनवानी, अजीत नेताम, विनय सिन्हा, गीताराम मरकाम, तारासोनवानी, लेश राम मरकाम, ढुईया राजपूत, लखन गिरी गोस्वामी, तातू राम यादव, वन विभाग के एसडीओ मनोज चन्द्राकर, अमर सिंह ठाकुर, श्री सोरी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र भर के लोग उपस्थित थे।

---

# युक्तियुक्तकरण नीति से प्रत्येक शाला में एक शिक्षक पद घटाया गया : संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री युक्तियुक्तकरण में दखल देंवे 2008 के सेटअप का पालन कराएं, क्योकि युक्तियुक्तकरण के वर्तमान नियम में प्रत्येक शाला में एक शिक्षक पद घटाया गया इससे प्राथमिक शाला में 2 शिक्षक 5 कक्षा को कैसे पढ़ाएंगे? युक्तियुक्तकरण की वर्तमान नीति में प्रायमरी, मिडिल व कामर्स के एक एक शिक्षकों की संख्या सभी स्कूल में समाप्त किये गए है। स्वाभाविक रूप से निजी शाला को प्रोत्साहन का नियम है वर्तमान युक्तियुक्तकरण की नीति।कम शिक्षक होने से कक्षा संचालन भी संभव नही है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। युक्तियुक्तकरण नीति को एकतरफा लागू किया जा रहा है,नीति के सम्बंध में विभाग द्वारा आपत्ति दावा क्यो नही लिया गया? युक्तियुक्तकरण की दोषपूर्ण नीति से शिक्षा विभाग में शिक्षा की गुणवत्ता गिरेगी व कम शिक्षक होने से निजी शालाओ को लाभ मिलेगा,सामान्य व निम्न वर्ग के पालक के बच्चे को उचित शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा।सेटअप शिक्षा विभाग के शालाओं में पद का मूल आधार है अतः 2008 को जारी सेटअप का समुचित क्रियान्वयन हो, युक्तियुक्तकरण के दोषपूर्ण व विसंगतिपूर्ण बिंदुओं को शिक्षा विभाग अलग करें, इसके बाद शिक्षकों की व्यवस्थापन के विषय में सोंचे।छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा,प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान,प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू,प्रदेश सह सचिव विनोद सिन्हा,प्रदेश संयुक्त सचिव यशवंत बघेल,आई टी सेल गिरीश शर्मा, टिकेंद्र यदु,जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर,लता धुरव, जिला संयोजक भुवन यदु, उपाध्यक्ष घनश्याम दिवाकर,जमशीर कुरैशी,ब्लाक अध्यक्ष हुलस साहू,जितेंद्र सोनवानी,गोविंद पटेल,संतोष साहू, धवलेश्वर बहरा,नंदकुमार रामटेके,सुरेश केला,आर एस कंवर,दिनेश्वर साहू,किरण साहू,प्रहलाद मेश्राम, कमलेश बघेल,डगेश्वर ध्रुव, छगन दीवान ने मांग किया है कि 2008 के सेटअप का शालाओ में पालन किया जावे। युक्तिकरण नीति में सबसे बड़ी विसंगति तो यही है कि प्रत्येक शाला में एक-एक पद न्यूनतम छात्र संख्या पर कम किया गया है। इसके साथ ही एक ही परिसर के शालाओं को सम्बद्ध करने कहा गया है, इससे शाला का प्रबंध कमजोर होगा और इस नियम के तहत सम्बद्ध शालाओ के प्रधान पाठक पद को खत्म किया जा रहा है।



### करंट से दो मवेशियों की हुई मौत

**नगरी।** नगरी विकासखण्ड में आए दिन आंधी तूफान में पेड़ गिरने से बिजली खंभे टूट रहे हैं, कई जगह तार गिर रहे हैं। बीते गुरुवार को आंधी तूफान के चलते फरसियां में बिजली के पोल गिर गए थे। वार्ड क्रमांक 4 में प्रदीप सोन के घर के पीछे शनिवार रात्रि में चार दिन से सड़क में गिरे बिजली खंभे के तार के संपर्क में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। सरपंच ने बताया कि जानकारी देने के बाद विद्युत विभाग द्वारा गली कलेक्शन नहीं काटा गया। आंधी तूफान में कई विशाल वृक्ष, बिजली खंबा धराशायी हो गए। ग्रामीणों ने सड़क में खंभा गिरने और आवागमन बाधित होने की सूचना विद्युत विभाग को दी थी, पर विभाग के कर्मचारियों ने लापरवाही बरतते हुए गिरे हुए खंभे से विद्युत प्रवाह बंद नहीं किया। बिजली की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। मवेशी मलिक शिव यादव ने शासन- प्रशासन मुआवजे की मांग की है। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारी ने कहा कि पीएम रिपोर्ट के अनुसार पता चलेगा कि मवेशियों की मौत करंट से हुई है नहीं।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में छात्र अपना रहे हाईटेक तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

वर्तमान परिवेश में शिक्षा का स्वरूप काफी कुछ बदला है। चार साल पहले तक पढ़ाई के लिए शिक्षण संस्थान एवं ट्यूशन ही माध्यम हुआ करता था। किंतु समय के अनुसार शिक्षा में भी बदलाव हुआ है। करोना काल में प्रारंभ हुए ऑनलाइन शिक्षा अब और भी प्रभावी हो गया है। छात्र अब हाइटेक तरीके से पढ़ाई कर रहे है। पढ़ाई का माध्यम अब स्कूल, कॉलेज के साथ साथ मोबाइल, कंप्यूटर एवं लैपटॉप हो गए है। गांव-गांव में इंटरनेट की उपलब्धता से ऑनलाइन एजुकेशन देश के हर कोने तक पहुंच गई है। गांव के बैठा हुआ छात्र कोटा, इंदौर, दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों से संचालित ऑनलाइन एजुकेशन घर बैठे प्राप्त कर पा रहा है। इससे छात्रों एवं अभ्यर्थियों को ऑनलाइन शिक्षा का लाभ घर बैठे प्राप्त हो जा रहा है। गरीब एवं वंचित छात्रों के लिए ऑनलाइन शिक्षा वरदान से कम नहीं है। बशर्ते छात्र उसका सही एवं उचित लाभ उठाएं। आज देश में ऐसे बहुत से कोचिंग संस्थान है जो स्कूली शिक्षा के साथ साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के ऑनलाइन क्लासेज संचालित कर रहे है। कक्षा 6 से 12 एवं यूपीएससी, पीएससी, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, पुलिस जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए ऑनलाइन क्लासेज उपलब्ध है। जानकारों का मानना है कि आगामी 5 वर्षों में ऑनलाइन एजुकेशन इंडस्ट्री का रूप ले लेगा। देश के सभी बड़े कोचिंग संस्थान ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन मोड में एजुकेशन उपलब्ध करवा रहे है। ऑनलाइन एजुकेशन बदलते वक्त की अनिवार्य मांग है। उसी के परिप्रेक्ष्य में देश के बहुत से विश्वविद्यालयों द्वारा ऑनलाइन डिग्री एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित होने लगे है। दूरस्थ शिक्षा के बाद ऑनलाइन डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स शिक्षा का एक नया विकल्प बनकर उभरा है।



# सर्व यादव समाज के सतीश बने जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने गरियाबंद जिले का सर्व यादव समाज का विस्तार करते हुए सर्व यादव समाज के कार्यकारी जिला अध्यक्ष सतीश यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर एवं सर्व यादव समाज गरियाबंद से युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तेजेश यदु,कार्यकारी जिला अध्यक्ष गेन्दू यादव मैनपुर को नियुक्त किया गया है।

सर्व समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने कहा कि गरियाबंद जिला में यादव समाज काफी मजबूत है,विन्द्रा नवागढ़ में 40 प्रतिशत से ऊपर की जनसंख्या है। लगातार समाज को संगठित करने का प्रयास चल रहा है। इसी कड़ी में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है ताकि समाज संगठन को गति मिल सके। इस संबंध में कार्यकारी जिला अध्यक्ष सतीश यादव ने कहा कि समाज द्वारा उन्हें काफी बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने समाज के प्रमुख के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से जिले में सभी समाज प्रमुख से मिलकर एक सशक्त संगठन तैयार किया जाएगा और सब का प्रयास होगा कि यादव समाज एक साथ बैठकर अपनी संगठन को मजबूत करें। युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तेजेश यदु ने कहा कि वर्तमान समय युवाओं का समय है और जिले के नगर पालिका,नगर पंचायत,जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों में अधिक से संख्या में जनप्रतिनिधि चुने गए है। इन सभी के साथ बैठकर समाज के लिए एक विशेष कार्य योजना बनाया जाएगा जिसमें अधिक से अधिक समाज के युवा जुड़ सके। समाज संगठन के साथ-साथ रोजगार से कैसे जोड़ा जाएगा इस संबंध में भी सभी के साथ चर्चा किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु सहित सभी पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया है।इन दोनों के जिला अध्यक्ष बनने पर समाज के लोगों ने बधाई दी है। प्रमुख रूप से रिखीराम यादव, महेश यादव, सुशील यादव, प्रहलाद यदु, जितेंद्र यादव, यशवंत यादव, कमलेश यदु, जयमल यादव, केनु राम यादव, पुरषोत्तम यादव, जगदीश यादव, शंकर यदु, राजेश यादव, उग्रसेन यादव, छगन लाल यादव, देवनारायण यादव, विनोद यादव आदि प्रमुख रूप से शामिल





# अंचल में निकाली गई तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

वनांचल क्षेत्र में सेना के शौर्य के प्रतीक आपरेशन सिंदुर की सफलता के समर्थन में शामिल लोगों ने सेना की बहादुरी और देश के प्रति उनकी निष्ठा को सम्मानित किया। और उनके अद्वितीय योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। रैली के दौरान लोगों ने सेना के समर्थन में नारे लगाए। और उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। ग्राम पंचायत टोनहीडबरी, कनसिघी, मुढीपानी, पीपरछेडी, कोठीगाव के लोगों ने का यह प्रयास न केवल सेना के प्रति समर्थन और सम्मान को दर्शाता है, बल्कि उनकी एकता और देशभक्ति को भी प्रदर्शित करता है। इस तरह के आयोजन समाज में देशभक्ति और सेना के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देते हैं। और लोगों को सेना के योगदान के प्रति जागरूक करते हैं। जनपद सदस्य नारायण सिन्हा ने कहा कि तिरंगे के सम्मान और देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को याद किया। इस आयोजन को गांव गांव की एकता और सौहार्द का शानदार उदाहरण बताया। मुढीपानी में कृष्णा गुप्ता के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। गुप्ता ने कहा कि भारत के हर नागरिक भारतीय सेना और तिरंगे के सम्मान में खड़ा है। यात्रा में शामिल नागरिक भारत माता की जय और वंदे मातरम, गूंजते रहे। जिसने पूरे वातावरण को उत्साह और जोश से भर दिया।



### कक्षा बारहवीं में महवीज को मिला 87 प्रतिशत

**बागबाहरा।** अवराडबरी से जनाब सैयद रियाज अली की बेटी महवीज नाज़ ने कार्मेल कान्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल बागबाहरा से शिक्षा प्राप्त करते हुए सीबीएसई कक्षा 12वीं साइंस (बायोलॉजी) में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया है, जिससे परिवार में खुशियों का माहौल है।






**200 वर्ष पूर्व ग्रामीण आदिवासी जनजाति करते थे निवास**

# मुख्यमंत्री गोद ग्राम रमनपुर में मनाया गया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

जिले के छुरा विकास खण्ड ग्राम पंचायत कनेसर के आश्रित ग्राम मुख्यमंत्री गोद ग्राम केड़ीआमा (रमनपुर) में 16 मई को स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी गरियाबंद, जनपद अध्यक्ष मीरा वेशनारायण ठाकुर छुरा, जनपद सदस्य अवध राम साहू, सरपंच योगेश ध्रुव कनेसर, उप सरपंच लता मूलचंद साहू, सभापति अघन सिंह ठाकुर पूर्व भाजापा मंडल अध्यक्ष छुरा एवं ग्राम प्रमुख पुराण सिंह ध्रुव, दीनदयाल विश्वकर्मा, रामसिंग ध्रुव की उपस्थिति में केक काट कर एक दूसरे का मुंह मिठा कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्प माला गुलाल से स्वागत किया गया। ग्राम केड़ीआमा में निवासरत पुरण सिंह ध्रुव और दिनदयाल विश्वकर्मा ने बताया कि केड़ीआमा प्राचीन विरान ग्राम था जो ब्लाक मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर पश्चिम दिशा में है जहां से छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध धार्मिक और पर्यटन स्थल घटारानी और जतमाई के मध्य जंगल पहाड़ी में स्थित है। जो 200 वर्ष पूर्व ग्रामीण आदिवासी जन जाति का निवास करते थें। कुछ समय पूर्व यहां दैवीय आपदा अथवा प्रकोप के कारण विरान हो चुका था जिसको पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने वर्ष सन 2006-07 में फिर से गोद लेकर बसाया गया और केड़ीआमा को रमनपुर नाम दिया गया। और मूलभूत मुहैया कराया। तब से यहां जागरुक निवासरत प्रमुखों द्वारा प्रतिवर्ष स्थापना दिवस मनाने आ रहें हैं। और इसे वार्षिक सम्मेलन के रुप में अनेक कार्यक्रम आयोजन किया जाता है।

**हर वर्ष मनाया जाता है उत्सव**



इस कार्यक्रम में मंत्री सांसद विधायक और आंचलिक जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाता है। बता दें कि ग्राम पंचायत कनेसर के आश्रित इस ग्राम में आसपास गां जुनवानी पंक्तियां गायडबरी तालेसर बोईरगांव के ग्रामीण लगभग 80 घरों की संख्या में बसे हुए हैं, जहां आदिवासी गोंड कमार भुजियां जैसे जनजाति शामिल हैं। जहां पेयजल पहुंच मार्ग प्राथमिक शाला की सुविधा और सभी निवासी राशनकार्ड धारी हैं। साथ साथ अन्य रोजगार के संसाधन वनोपज संग्रहण पर आधारित हैं। किन्तु अभावग्रस्त साधनों के वावजूद यहां के निवासी खुशहाल जीवन व्यतीत कर एकता प्रेम और भाईचारे की भावना को कायम रखकर हर साल यह उत्सव को मनाते आ रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम के सभी लोगों का विषेश सहयोग रहा। स्थापना दिवस समारोह में स्थानीय मानस मण्डली के साय साथ तुलसी के फूल पण्डवानी ग्राम मडेली और स्थानीय मानस मण्डली ने सुन्दर प्रस्तुति दी।


